रिसर्च काउंसिल दिल्ली द्वारा तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

आज दिनांक 17 जुलाई को paws फॉर लर्निंग एंड रिसर्च काउंसिल दिल्ली द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन डॉक्टर अरुण आनंद ने नाक से नली डालकर एवं मुंह से नली डालकर खाना देने के तकनीकों के बारे में समझाया एवं स्प्लेनेक्टोमी शल्यक्रिया के संबंध में भी व्याख्यान दिया। डॉ व्यंकटेश द्वारा चेस्ट ट्यूब डालने एवं पेट से एवं चेस्ट से पानी निकालने के बारे में बताया गया डॉक्टर अपरा शाही

द्वारा आंतों से संबंधित रोगों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया एवं उसकी विभिन्न शल्य क्रियाओं पर प्रकाश डाला। डॉ. जयप्रकाश ने इमरजेंसी ट्रेकियोटोमी पेट में गैस भर जाने का उपचार गैस्ट्रोपेक्सी एवं सिस्टोपिकसी के बारे में बताया। आज की इस कार्यशाला में देश के विभिन्न भागों से पधारे हुए प्रतिभागियों के साथ–साथ वेटरनरी कॉलेज के भी लगभग 25 एम.वी.एस.सी. एवं पी.एच.डी. छात्रों ने भाग लिया। आज की इस कार्यशाला में डॉक्टर बबीता दास एवं डॉक्टर अपूर्व मिश्रा भी उपस्थित रही। पी एल आर सी के आयोजकों ने उम्मीद जताई है कि भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन लगातार किए जाते रहेंगे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर